
# हिन्दुस्तान (Hindustan)

| दिनाँक (Dated): 22-06-2025 | पृष्ठ सं० (Page No). 02 | क्रम सं०(Serial No.) 04 |
|---|---|---|


## सीआईएसएफ मुख्यालय में अफसरों ने योग किया

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित मेराकी लॉन में योग कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें एडीजी (मुख्यालय) पदमाकर सहित 100 से ज्यादा अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। यहां विशेषज्ञों ने उन्हें योग के अनेक आसन का अभ्यास कराया। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को देशभर में 430 से अधिक स्थानों पर योगा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। सीआईएसएफ में योग अभ्यास लगातार किए जाते हैं ताकि जवान स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनें।




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की ओर से शनिवार को सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित मेराकी लॉन में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बल के अधिकारियों-कर्मचारियों ने योग अभ्यास किया।